**समाचार** विज्ञप्ति

# 10 जनवरी को छात्र इन-पर्सन लर्निंग में लौट रहे हैं

5 जनवरी 2022

उनके समग्र कल्याण का समर्थन करने के लिए, अर्ली चाईल्डहुड सर्विसिज़ से कक्षा 12 के छात्र सुरक्षित रूप से सीखना जारी रखने के लिए स्थापित उपायों के साथ 10 जनवरी को कक्षाओं में वापस आ जाएंगे। ग्रेड 4-9 के छात्रों के लिए सीखने में व्यवधान को दूर करने के लिए एक नया टूल भी पेश किया जा रहा है।

छात्र रैपिड टेस्ट और मेडिकल-ग्रेड मास्क तक पहुंच की अतिरिक्त सुरक्षा के साथ इन-पर्सन लर्निंग में लौटेंगे, जो कि स्कूलों के माध्यम से कोविड-19 के ओमिक्रोन वेरिएंट के खिलाफ सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत के रूप में वितरित किए जाएंगे।

रैपिड टेस्ट और मास्क की शिपमेंटें इसी सप्ताह शुरू हो जाएंगी और सभी स्कूलों के पास अगले सप्ताह के अंत तक अपनी शुरुआती शिपमेंटें पहुंच जाएंगी। छात्रों और कर्मचारियों को वितरण तब किया जाएगा जब अलग-अलग स्कूलों को उनकी सप्लाईयाँ प्राप्त होंगी। रैपिड टेस्ट और मास्क दोनों, चरणों में भेजे जाएंगे।

कक्षाओं में छात्रों की सुरक्षा के लिए पहले से मौजूद महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपाय जारी रहेंगे। इनमें मास्क पहनना, शारीरिक दूरी रखना, कोहॉर्टिंग, बढ़ी हुई सैनीटाईज़ेशन और स्वच्छता अमल, पांच साल और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए टीकाकरण की उपलब्धता, और स्कूल अधिकारियों को वयस्कों के लिए टीकाकरण नीतियों का प्रमाण देने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

## सीखने में व्यवधान को दूर करने के लिए एक नया टूल

सुरक्षित इन-पर्सन लर्निंग के लिए समर्थनों के अलावा, अगले सप्ताह ग्रेड 4 से 9 तक के छात्र और उनके माता-पिता उन महत्वपूर्ण कौशलों और उस लर्निंग, जिस में छात्र महामारी के कारण पिछड़ गए हो सकते हैं, को पूरा करने में मदद के लिए ई-ट्यूटरिंग हब के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन शिक्षण संसाधन देख सकेंगे। यह नया संसाधन ग्रेड 1 से 3 तक के छात्रों के लिए कोविड-19 से संबंधित सीखने की बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार के $45 मिलियन तक के निवेश पर आधारित है।

ई-ट्यूटरिंग हब को पूर्व-रिकॉर्डेड वीडियो ट्यूटरिंग सत्रों के साथ लॉन्च किया जाएगा, जिन तक छात्र और उनके माता-पिता साक्षरता और संख्यात्मक कौशल का निर्माण करने के लिए किसी भी समय पहुंच सकते हैं। इस साल के अंत में, अल्बर्टा एजुकेशन लाइव ट्यूटरिंग सहित, अधिक ग्रेड और विषयों को कवर करने के लिए ऑनलाइन ट्यूटरिंग सेवाओं का विस्तार करेगा। स्कूल के अधिकारियों, माता-पिता और छात्रों की प्रतिक्रिया नए शिक्षण सत्रों के लिए विषयों और जरूरतों को सूचित करेगी।

## ऐट-होम लर्निंग में तबदील करना

जरूरत पड़ने पर सरकार स्कूल के अधिकारियों के साथ ऐट-होम लर्निंग में तबदील करने में काम करना जारी रखेगी। स्कूल अधिकारियों के पास स्कूल के संचालन संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो कक्षा या व्यक्तिगत ग्रेड को थोड़े समय के लिए ऐट-होम लर्निंग में तबदील करने का लचीलापन जारी रहेगा। पूरे स्कूलों या स्कूल के अधिकारियों को ऐट-होम लर्निंग में तबदील करने के निर्णय स्कूल अधिकारियों के इनपुट के साथ अल्बर्टा सरकार द्वारा लिए जाने जारी रहेंगे। दोनों स्थितियों के लिए, छात्र की अनुपस्थिति दर, स्कूल या स्कूल प्राधिकरण की स्कूल में कक्षाओं को संचालित करने के लिए स्टाफ उपलब्ध होने की क्षमता और स्थानीय स्वास्थ्य डेटा सहित अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि उपलब्ध हो, पर विचार किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- घर पर किए जाने वाले रैपिड टेस्ट किट और मेडिकल-ग्रेड मास्क दोनों को चरणबद्ध दृष्टिकोण का उपयोग करके वितरित किया जाएगा, साथ ही स्कूलों को शिपमेंटें भेजी जाएंगी, जैसे-जैसे वे प्रांत से प्राप्त की जाती हैं।
- प्रारंभ में, घर पर किए जाने वाले पांच रैपिड टेस्ट किट प्रत्येक छात्र और स्टाफ सदस्य को 2.5 सप्ताह के लिए प्रति सप्ताह दो बार परीक्षण करने के लिए पर्याप्त सप्लाई प्रदान करेंगे और प्रत्येक छात्र और कर्मचारियों के लिए मास्क की दो सप्ताह की सप्लाई भी भेजी जाएगी। मेडिकल-ग्रेड मास्क का परीक्षण किया गया है और वह अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है।
- ऐट-होम लर्निंग में तबदील करना:
    - एक पूरे स्कूल या स्कूल प्राधिकरण को थोड़े समय के लिए ऐट-होम लर्निंग पर तबदील करने के इच्छुक अधिकारियों को मंत्री से अनुमोदन का अनुरोध करने की आवश्यकता होगी
    - तबदीली को मंजूरी देने के लिए मानदंड छात्र और कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण परिचालन आवश्यकताओं, पहले से किए गए उपायों और स्थानीय स्वास्थ्य डेटा, यदि उपलब्ध हो, पर आधारित होगा।
- ई-ट्यूटरिंग हब पर ऑनलाइन शिक्षण सत्र:

    - सभी छात्रों, अभिभावकों और स्कूल के कर्मचारियों के लिए असीमित पहुंच के साथ निःशुल्क होंगे
    - छोटे छात्रों के लिए 15 मिनट तक और बड़े छात्रों के लिए 60 मिनट तक होंगे
    - छात्रों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्कूल के दिन, देर दोपहर में और शाम के दौरान लाइव पेश किए जाएंगे
    - व्यक्तिगत गोपनीयता की रक्षा के लिए डिज़ाइन और वितरित किए जाएंगे
    - रिकॉर्ड किए गए वीडियो के रूप में 24-7 उपलब्ध होंगे
    - अल्बर्टा शिक्षा में काम कर रहे अल्बर्टा प्रमाणित शिक्षकों द्वारा विकसित किए जाएंगे
- महामारी के दौरान, स्कूल अधिकारियों के पास कोविड-19 के लिए करदाताओं की फंडिंग में $1 बिलियन से अधिक की पहुंच थी। इसमें 2020-21 स्कूल वर्ष में प्रांत भर के सभी स्कूल अधिकारियों के लिए परिचालन फंडिंग में $120 मिलियन की वृद्धि, 2020-21 स्कूल वर्ष के दौरान त्वरित पूंजी रखरखाव और नवीनीकरण फंडिंग में $250 मिलियन, करदाता-वित्त पोषित बोर्ड रिजर्व तक पहुंच के साथ-साथ 2021-22 स्कूल वर्ष के लिए कोविड-19 शमन फंडिंग में $130 मिलियन शामिल है।
    - 2020-21 के स्कूल वर्ष के दौरान, 31 अगस्त, 2021 तक स्कूल प्राधिकरण संचालन रिज़र्व $80 मिलियन से $464 मिलियन तक बढ़ गए हैं। कुल मिलाकर पूंजी और परिचालन रिज़र्व $700 मिलियन से अधिक हैं।

## संबंधित जानकारी

- इस वर्ष सुरक्षित और स्वस्थ रहना

## संबंधित समाचार

- K-12 छात्रों के लिए विंटर ब्रेक को बढ़ाया गया (30 दिसंबर, 2021)
- छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद करना (27 अक्टूबर, 2021)

## मल्टीमीडिया

- वीडियो: घर पर रैपिड टैस्टिंग
- समाचार सम्मेलन देखें

## मीडिया पूछताछ

Dylan Topal (डिलन टोपल)

- 780-886-2912
  कार्यवाहक प्रेस सचिव,शिक्षा